**देश में कोरोना वायरस लेकर लॉकडाउन से देश के कलाकारों के समक्ष भूखमरी की स्थिति, रंगमंच के कलाकारों के समर्थन मे उठने लगी है आवाज**

**शहर में लगातार बढ़ रही चेन स्नेचिंग मामले में दो गिरफ्तार, पूर्व में भी छीन चुके हैं पत्रकार की पत्नी का चेन और जा चुके हैं जेल**

**राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 73वां जन्मदिन पूरे जिले में गरीब सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया, गरीबों को भरपेट भोजन कराने के उद्देश्य से जगह जगह कार्यक्रम का आयोजन**

भारत में कोरोना वायरस की अनचाही छलांग, सबसे ज्यादा केस वाला चौथा देश बना, इनमें से 1.42 लाख एक्टिव केस, 1.46 लाख लोग हुए स्वस्थ और करीब 8500 लोगों की हो चुकी है मौत



युवराज

# न्यूज़ टुडे

NEWS TODAY Update

www.newstodayupdate.in

RNI:- BIHHIN05409

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

आपकी आवाज़

वर्ष : 06 अंक : 09+12 तिथि : 12 जून 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अस्थाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272


## न्यूज़ टुडे लॉक डाउन स्पेशल रोजाना अंक

## देश में कोरोना वायरस लेकर लॉकडाउन से देश के कलाकारों के समक्ष भूखमरी की स्थिति, रंगमंच के कलाकारों के समर्थन मे उठने लगी है आवाज

न्यूज टुडे विचारणीय मुद्दा



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,




देश में कोरोना वायरस लेकर लॉकडाउन से देश के कलाकारों के समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। सरकार के देश के हर तबके के लिए अच्छा करने की कोशिश कर रही है लेकिन इस बीच कलाकारों की समस्याओ के लिए आज तक किसी ने कोई पहल नही की। कलाकारों का कार्य पुरी तरह से बंद हो चुका है। कलाकार समाज की भलाई के लिए कोई कार्यक्रम नही कर रहे है ताकि भीड़कृभाड़ न हो लेकिन सरकार इन रंगमंच के कलाकारों के साथ हो रही इस समस्या को लेकर पूरी तरह उदासीन नजर आ रही है। कलाकारों की इन्ही समस्याओ को लेकर आरा के कलाकारों द्वारा सांकेतिक उपवास कार्यक्रम रखा गया।

**सांकेतिक उपवास पर बैठे आरा रंगमंच के कलाकारों के साथ प्रसिद्ध समाजसेवी अशोक मानव**

आरा रंगमंच के कलाकारों ने कहा कि कलाकार ऑल इण्डिया थियेटर काउंसिल ऑफ भारत के आह्वान पर 11 जून को सांकेतिक उपवास के माध्यम से कहना चाहते हैं कि कोरोनावायरस के कारण हुई तालाबंदी से सभी सांस्कृतिक धार्मिक सामाजिक राजनीतिक एवं सरकार द्वारा आयोजित प्रचारात्मक काम पूर्णतः बंद है स्वाभाविक तौर पर कलाकारों के समक्ष आर्थिक संकट आन पड़ा है चूंकि कलाकार निम्न मध्यवर्गीय परिवार से आते हैं रंगकर्म ही हमारा जीवन है हम ही सरकारी कार्यक्रमों की शोभा बढ़ाते हैं । हमारा भी परिवार है हम आपके राज्य के नागरिक हैं हम दयनीय हालत में जी रहे हैं,हम कलाकारों की भी सुधि लो सरकार।

**आरा रंगमंच कलाकारों की सरकार से निम्नांकित मांग :**


1.कलाकारों के लिए तत्काल आर्थिक मदद दिया जाय।
2.जिलावार कलाकारों का रोस्टर बनाई जाय।
3.सप्ताह में एक दिन जिले में नाटक नृत्य संगीत लोकनृत्य लोककलाओं को जीवित रखने वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाएं जिससे रोजगार सृजन होगा।
4.कलाकारों को मिलने वाले छात्र वृत्ति और फैलोशिप का दायरा बढ़ाया जाए।
हम कलाकार तुरंत आर्थिक पैकेज के आग्रही है। इस कार्य के लिए राज्य भर के कलाकार श्रीमान का आभारी रहेंगे।

**आरा रंगमंच के कलाकारों के समर्थन में बैठे जाप के जिलाध्यक्ष डॉ ब्रजेश कुमार सिंह**

आरा के कलाकारों के समर्थन मे उठने लगी आवाज आज ऑल इंडिया थियेटर कौंसिल (एआईटीसी) के आह्वान पर "हमारी भी सुध लो सरकार" सुबह 7 बजे से 11 बजे दिन तक सांकेतिक उपवास जयप्रकाश स्मारक कलक्ट्री तालाब पर संपन्न हुआ। जिसमें जन अधिकार पार्टी का भी समर्थन रहा भारत सरकार के द्वारा 20 लाख करोड़ में कहीं भी कलाकारों का किसी भी पैकेज का जिक्र नहीं है इस महामारी में कलाकारों का सबसे ज्यादा स्थिति खराब है जन अधिकार पार्टी लो के जिलाध्यक्ष डॉ ब्रजेश कुमार सिंह ने मांग किया कि इन कलाकारों को कम से कम 200 दिनों का कला के क्षेत्र में सरकारी कार्य में लगाया जाए और राज्य सरकार तुरंत इनके समुचित व्यवस्था करें अगर 10 दिनों के अंदर सरकार नहीं सुनती है तो जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव जी से इन कलाकारों को जरूर मदद एवं पैकेज दिलवाने का काम करूंगा।

## भारत में कोरोना वायरस की अनचाही छलांग, सबसे ज्यादा केस वाला चौथा देश बना, इनमें से 1.42 लाख एक्टिव केस, 1.46 लाख लोग हुए स्वस्थ और करीब 8500 लोगों की हो चुकी है मौत

न्यूज टुडे एक्सक्लूसिव :



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,




भारत में कोरोना वायरस के 2.97 लाख से ज्यादा केस आ चुके हैं. इनमें से 1.42 लाख एक्टिव केस हैं. करीब 1.46 लाख लोग कोरोना से उबरकर स्वस्थ हो चुके हैं. करीब 8500 लोगों की मौत हो चुकी है.

भारत में कोरोना वायरस का संक्रमण रुकने का नाम नहीं ले रहा है. गुरुवार को करीब 10 हजार नए केस सामने आए. इसके साथ ही भारत ने सबसे अधिक केस के मामले में ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया है. भारत में अब कोविड–19 के कुल 2.97 लाख केस हो गए हैं. भारत से ज्यादा केस अमेरिका, ब्राजील और रूस में ही हैं. इन तीनों देशों में कोरोना पूरी तरह बेकाबू हो गया है. भारत इन तीन देशों से फिर भी बेहतर स्थिति में नजर आ रहा है.

सबसे अधिक केस वाले 5 देशों अमेरिका, ब्राजील, रूस, भारत और ब्रिटेन की तुलना :

भारत में जून के महीने में रोज तकरीबन 9 से 10 हजार के बीच नए कोविड केस आ रहे हैं. इस रफ्तार के कारण ही करीब 11 दिन में भारत में एक लाख केस बढ़ गए हैं. भारत में फिलहाल कुल 2.97 लाख केस हैं. इनमें से 1.42 लाख एक्टिव केस हैं. करीब 1.46 लाख लोग कोरोना से उबरकर स्वस्थ हो चुके हैं. करीब 8500 लोगों की मौत हो चुकी है. पूरी दुनिया में 75.34 लाख केस सामने आ चुके हैं. इनमें से 4.21 लाख लोगों की मौत हो चुकी है.
अमेरिका में सबसे अधिक केस

दुनिया में सबसे अधिक केस अमेरिका में हैं. यहां अब तक 20.74 लाख केस आ चुके हैं. सबसे अधिक केस के मामले में ब्राजील दूसरे, रूस तीसरे, भारत चौथे और ब्रिटेन पांचवें नंबर पर हैं. ब्राजील में 7.87 लाख, रूस में 5.02 लाख केस हैं. ब्रिटेन में 2.91 लाख केस हैं. केस की तरह मौत के मामले में भी अमेरिका पहले नंबर पर है. यहां 1.15 लाख लोगों की मौत हो चुकी है. ब्रिटेन (41,279) दूसरे, ब्राजील (40,276) तीसरे, भारत (करीब 8500) चौथे और रूस (6532) पांचवें नंबर पर है.

## शहर के चांदमारी चौक पर हुई गोलीबारी में दो गिरफ्तार, एक महिला सहित तीन लोगों को हिरासत में लेकर हो रही है पूछताछ



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

अपराध




मोतिहारी शहर के चांदमारी चौक पर बुधवार की रात हुई गोलीबारी में ट्रांसपोर्ट व्यवसायी सहित तीन लोगों को जख्मी कर दिए जाने के मामले में पुलिस ने उनके बयान पर पांच लोगों को नामजद किया है। इस आलोक में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है तथा एक महिला सहित तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

पुलिस अधीक्षक नवीनचन्द्र झा ने बताया कि गोलीबारी के बाद एसआईटी का गठन किया गया है, जो लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस ने घटनास्थल से चार कारतूस व दो बाइक के अलावा कई जोड़ी चप्पलें भी जब्त की है। एसपी ने बताया है कि आपसी विवाद को लेकर कल रात चांदमारी चौक पर गोलीबारी हुई थी। टांसपोर्ट व्यवसायी चांदमारी निवासी राजेश कुमार मिश्रा, करण कुमार गोलीबारी में घायल हो गये। वहीं राजेश के भाई मुकेश कुमार मिश्रा मारपीट में जख्मी हुआ है। सभी जख्मी का इलाज छतौनी के एक निजी अस्पताल में चल रहा है, जहां तीनों खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। राजेश व मुकेश के पिता आनंद किशोर मिश्रा उर्फ सेठ का भी अम्बिकानगर चौक पर अपना ट्रांसपोर्ट व हार्डवेयर का व्यवसाय हैं।

पुलिस ने इस मामले में बंजरिया थाना के चौलाहां गांव निवासी राजीव बैठा, चांदमारी निवासी नरेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। नरेन्द्र कैमूर का रहनेवाला है। वह चांदमारी में हीं रहता है। शातिर बदमाश राजन सहनी का साला भी है। वहीं जख्मी राजेश कुमार मिश्र के बयान पर नगर थाना में रघुनाथपुर के शातिर राजन सहनी के साथ चौलाहां के लक्ष्मी सहनी, कैमूर के नरेन्द्र सहनी, चांदमारी निवासी कोचिंग संचालक जितेन्द्र कुमार, अभिषेक चौबे, सोनू गुप्ता, राजीव कुमार बैठा पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

एसपी के निर्देश पर गठित एसआईटी द्वारा शहर के चांदमारी, एकौना, बंजरिया के अंबिकानगर, चौलाहां, रघुनाथपुर के अलावा भलुआ में भी छापेमारी की गई। लगातार छापेमारी कर रही है। छापेमारी टीम में सदर डीएसपी अरूण कुमार गुप्ता, पुलिस निरीक्षक अभय कुमार, आनंद कुमार, थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार पासवान, नवीन कुमार के अलावा दारोगा मनीष कुमार, मनोज कुमार सिंह, ज्वालाकान्त सिंह, संदीप कुमार, नित्यानंद दुबे व चिरंजीवी शामिल हैं।





युवराज मीडिया एंड एंटरटेण्मेंट की घोषित चम्पारण की पावन धरती पर बन रही भव्य वेब सीरिज एवं फीचर फिल्म की शुटिंग शीघ्र शुरू होगी ।

निर्माता:9471005272

बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की खबर के साथ अपनी खबर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
A unit of Yuvaraj Media Entertainment
Contact for News & Advt.: 9471005272, 8210595830

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# शहर में लगातार बढ़ रही चेन स्नेचिंग मामले में दो गिरफ्तार, पूर्व में भी छीन चुका हैं पत्रकार की पत्नी का चेन और जा चुका हैं जेल

अपराध






सम्राट, संवाददाता

शहर में लगातार बढ़ रही चेन स्नेचिंग की घटना के बाद एसपी के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने गुरुवार को शहर में कई जगहों पर छापेमारी कर दो को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसके पास से दो बाइक भी जब्त किया गया है। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने एक स्वर्ण व्यवसायी की दुकान से पांच चेन भी बरामद किया है। वहीं नकदी के अलावा सेलफोन भी जब्त किया गया है।

गिरफ्तार चोरों में मुफसिस्ल थाना के जमला निवासी मुन्ना सिंह एवं छतौनी के सरोज कुमार शामिल हैं। मुन्ना ने पूछताछ के दौरान सरोज के नाम का खुलासा किया। जिसके आधार पर सरोज की भी गिरफ्तारी की गई। अभी हाल में ही शहर के अगरवा, बलुआ ओवरब्रिज व एलएनडी कॉलेज के पास से तीन महिलाओ का चेन भी छीन लिया। पुलिस उस स्वर्ण व्यवसायी की भी खोज की जा रही है, जो चोरी के आभूषण खरीदता था।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी मुन्ना सिंह ने जिले के वरीय पत्रकार डा. राजेश अस्थाना की पत्नी डा. सीमा रानी का चेन गायत्री मंदिर के पास स्नैच कर लिया था। बाद में वरीय अधिकारियों के दबाव में नगर पुलिस ने मुन्ना और उसके साथियों को गिरफ्तार कर चेन की रिकवरी कराई थी।

वहीं उसके साथ अन्य पांच लोगों से पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है। छापेमारी टीम में पुलिस निरीक्षक अभय कुमार, आनंद कुमार, दारोगा मनीष कुमार, मनोज कुमार सिंह, संदीप कुमार, नित्यानंद दुबे व चिरंजीवी भी शामिल थे।

# ढाका नगर परिषद के मुख्य पार्षद के दो साल का कार्यकाल पूरा होते ही विक्षुब्ध 15 पार्षदों ने लाया अविश्वास प्रस्ताव






संतोष राऊत
न्यूज टुडे,

ढाका नगर परिषद के मुख्य पार्षद के दो साल का कार्यकाल पूरा होते ही विक्षुब्ध 15 पार्षदों ने अपना प्रहार तेज कर दिया है। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन देकर मुख्य पार्षद पर अविश्वास जाहिर किया है।

उपमुख्य पार्षद अर्चना पाण्डेय के नेतृत्व में विक्षुब्ध पार्षदों ने जारी पत्र में मुख्य पार्षद पर प्रत्येक माह बोर्ड की बैठक नहीं बुलाने का आरोप लगाया। साथ ही नगर परिषद को प्राप्त विकास राशि का समान रूप से सभी वार्डो में खर्च नहीं करने, राशि का बन्दरबाट करने, नगर परिषद के आन्तरिक राजस्व को बढ़ाने का प्रयास नहीं करने, बगैर नक्शा होल्डिंग पारित कराने का आरोप मढ़ा है। साथ ही सशक्त समितियों द्वारा लिए गए निर्णय की जानकारी बोर्ड के सदस्यों को नहीं दी जाती है।

अविश्वास जाहिर करनेवालों में ललन राम, रामविलास पंडित, राजकुमार प्रसाद, मो. सलाउदीन, कुरैशा खातून, बबीता गुप्ता, कमरून नेशा, समीना बेगम, शायदा खातून, शाहनाज खातून, नरगिस बेगम, रेणु गुप्ता, असदुल्लाह आदि शामिल है। उप मुख्य पार्षद ने कहा कि मुख्य पार्षद के कार्यकलाप से अधिकांश पार्षद क्षुब्ध है। नगरपालिका अधिनियम के तहत अविश्वास जाहिर करते हुए मुख्य पार्षद से सदन में बहुमत साबित करने के लिए विशेष बैठक बुलाने की मांग की गई है।

नगर परिषद, ढाका के कार्यपालक पदाधिकारी नसीमुद्दीन खान ने न्यूज टुडे को बताया कि विक्षुब्ध पार्षदों का मुख्य पार्षद के नाम से अविश्वास जाहिर करते हुए सदन में बहुमत साबित करने के के लिए पत्र दिया गया है। नियामानुकूल मुख्य पार्षद को पत्र प्रेषित कर बैठक का आयोजन कराया जाएगा। वहीं मुख्य पार्षद, नजरा खातून ने कहा कि सदन में बैठक का आयोजन शीघ्र किया जाएगा और वे सदन में बहुमत साबित करने को तैयार हैं।







# राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 73वां जन्मदिन पूरे जिले में गरीब सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया, गरीबों को भरपेट भोजन कराने के उद्देश से जगह जगह कार्यक्रम का आयोजन






रिंकू गिरी,
संवाददाता

राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालूप्रसाद यादव का 73वां जन्मदिन गरीब सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। पार्टी के मोतिहारी विधानसभा प्रभारी मणिभूषण श्रीवास्तव ने कहा कि जिलाध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव के निर्देश पर पार्टी प्रमुख के जन्मदिन के अवसर पर गरीब व मजदूरों को भोजन कराया गया। कहा कि पार्टी सुप्रीमो हमेशा गरीब, मजदूर, असहाय, पिछड़ों व समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की लड़ाई लड़ते रहे। इस कारण पार्टी के निर्देश पर केक काटने के बदले गरीबों को भरपेट भोजन कराने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर संतोष कुशवाहा, अनिल यादव, रमेश सिंह, हरिशंकर प्रसाद कुशवाहा, मनोज यादव, मिटू खान, मोईन खान, अनमोल यादव, सुरेंद्र प्रसाद, पवन यादव, राहुल केदार सिंह, लालबाबू यादव, नवल यादव, शांतनु यादव, सर्वेश पांडेय, रामअवतार प्रसाद, योगेंद्र पासवान, असलम, सदरे आलम, धीरज यादव सहित अन्य मौजूद थे।

वही शहर के मीना बाजार चौक स्थित रिक्सा पड़ाव के समीप गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के 73वें जन्मदिन पर गरीब सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। उद्घाटन जिलाध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव ने फीता काट कर किया। गरीबों व मजदूरों के लिए भोजन का स्टॉल राष्ट्रीय जनता दल अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश रौशन उर्फ पप्पू सहनी के नेतृत्व में लगाया गया। करीब तीन सौ गरीब व मजदूरों को भोजन कराया गया।

मौके पर मो. मुमताज अहमद, कृष्णा दास, मोहन यादव, ना. शाद रेयाजी, चंदन सहनी, सुमन सहनी, पिटू कुशवाहा, रंजीत कुशवाहा, पप्पू दास, सरताज खान, मुमताज अहमद, मुकेश सहनी, वीरेंद्र सहनी, बलिराम सहनी सहित अन्य मौजूद थे।

इधर राजद के युवा जिलाध्यक्ष ई. एहतेशाम के आवासीय परिसर में गरीबों व मजदूरों के लिए भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव, प्रधान महासचिव संतोष कुशवाहा, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष डॉ. शबनम आसिफ, अल्पसंख्यक प्राकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शाहिद अख्तर, मुन्नीलाल यादव, लालबाबू खां, जावेद अहमद, अभिषेक श्रीवास्तव उर्फ हैप्पी श्रीवास्तव, शिवम साह, अनुराग यादव, पवन यादव, मनोज यादव, सुदीश यादव, फरदीन अहमद, प्रभाष यादव, रजनीश यादव, मिलन यादव, सत्येंद्र यादव, सकिल आसिफ, उमाशंकर यादव, मनदीप यादव, केदार यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

दूसरी ओर गरीब सम्मान दिवस पर गरीब व मजदूरों को अंग वस्त्र, माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। आयोजन जिलाध्यक्ष शिवलाल सहनी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान मनोज गुप्ता राजद नेता, विशाल साह, मिथुन कुशवाहा, मोहन साहनी, दरोगा साह, अक्षय सहनी, लालाबाबू साह, हीरालाल प्रसाद, सुदामा सहनी, रामबालक प्रसाद, जालिम सहनी, उदय गुप्ता, अजय कुशवाहा, त्रिभुवन चौधरी, विनय सहनी, बागेंद्र सहनी मौजूद रहे।

### पूर्व प्रत्याशी मोतिहारी विधानसभा सुरेश सहनी अधिवक्ता ने गरीबों को खाना खिलाया

मोतिहारी विधानसभा के ढेकहां बेला में पूर्व प्रत्याशी मोतिहारी विधानसभा सुरेश सहनी अधिवक्ता ने गरीबों को खाना खिलाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लालू यादव ने हम जैसे दबे, कुचलों को बोलने की ताकत दी। गरीब सम्मान समारोह में में राजद नेता जीतेन्द्र प्रसाद , प्रखंड अध्यक्ष रामनाथ यादव, किशन देव साहनी, लालबाबु यादव , रूपलाल यादव जी, राधेश्याम कुमार,नागा महतो,मनोज कुशवाहा ,मिथुन कुशवाहा,लालू माझी,अजय प्रसाद कुशवाहा, राजेश प्रसाद कुशवाहा, सुबोध प्रसाद कुशवाहा,शंकर गिरी,गणेश दास,योगेन्द्र दास, अवधेश दास, दीनानाथ यादव विजय बासक, गुडू प्रसाद, भोला साह , रामाज्ञा माझी आदि लोग उपस्थित रही।

### पताही प्रखंड में पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण यादव ने गरीबों के लिए किया भोज का आयोजन

पताही प्रखंड मुख्यालय के पार्टी कार्यालय पर राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन के अवसर पर गरीबों के सम्मान में भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मोहन सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान हजारों गरीब परिवार के लोगों को पार्टी कार्यालय पर बुलाकर सम्मान पूर्वक भोजन कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में चिरैया के पूर्व विधायक लक्ष्मी नारायण यादव ने कहा कि गरीबों के मसीहा राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन गरीबों के लिए भोज का आयोजन किया गया है। राजद के सुप्रीमो श्री यादव जी का राजनीतिक काल से ही गरीबों की सम्मान एवं अधिकार की लड़ाई में रुचि रही है। इसके कारण पार्टी की ओर से सभी प्रखंड कार्यालय पर भोज का आयोजन किया गया है। मौके पर राजद के प्रदेश सचिव सुरेंद्र सिंह, राजद के युवा प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार, राजद नेता देवेंद्र यादव, रविंद्र राय, सुरेश यादव, मोहम्मद कासिम, उपेंद्र पटेल, दिनेश सिंह, कन्हैया सिंह, मनोज सिंह, जिनिस बैठा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।










# इंजीनियरिंग के एक छात्र की पीट-पीटकर हत्या, आरोप इनकम टैक्स इंस्पेक्टर पर, भोपाल में बी-टेक की पढ़ाई करता था मृतक






आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

इस वक्त की बड़ी खबर बिहार के सीवान से आ रही है, जहां इंजीनियरिंग के एक छात्र की पीट–पीटकर हत्या कर दी गई है. हत्या का आरोप इनकम टैक्स इंस्पेक्टर प्रसून पंकज पर लगा है, जो फिलहाल गोपालगंज में पोस्टेड हैं. घटना महादेवा ओपी थाना क्षेत्र के मालवीय चौक की है.

### भोपाल में पढ़ाई करता था मृतक

मृतक रांची के रमेश कुमार सिंह का पुत्र हर्षित कुमार सिंह बी–टेक का छात्र है, जो भोपाल में पढ़ाई करता था. बताया जाता है कि हर्षित पटना से सीवान अपने मित्र प्रीतम कुमार मिश्रा के पास आया था. मकान में किरायेदार के रूप में रह रहे प्रीतम मिश्रा के कमरे में पार्टी चल रही थी, जहां गोपालगंज में इनकम टैक्स इंस्पेक्टर पर पदस्थापित प्रसून पंकज भी पहुंचे.

### पार्टी के दौरान ही हुआ था विवाद

मृतक के दोस्त प्रतीक कुमार मिश्रा ने बताया कि पार्टी के दौरान हुई बकझक से नाराज उसके रूम पार्टनर इनकम टैक्स इंस्पेक्टर ने उसी समय कमरा को खाली करने की चेतावनी दी और कुछ ही देर के बाद वो अपने कर्मियों के साथ पहुंचा और हर्षित के साथ बुरी तरह से मारपीट करने लगा. इस दौरान इंस्पेक्टर के साथ आए लोगों ने हर्षित की बेरहमी से पिटाई कर दी जिससे वो गंभीर रूप से जख्मी हो गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

मामले की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ जितेंद्र पांडेय समेत स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और घटना कि जांच में जुट गई है. मृतक के परिजनों को भी इसकी जानकारी दे दी गई है.




Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830